<u>पूर्वोत्तर राजस्थान माहेश्वरी महिला संगठन</u>

<u>कार्य वृतांत</u>

पूर्वोत्तर राजस्थान माहेश्वरी महिला संगठन एवं जयपुर ज़िला माहेश्वरी महिला संगठन की चुनावी प्रक्रिया 26 सितंबर 2016 को संपन्न हुई।

उसके उपरान्त पदस्थापना एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम 26 नवम्बर 2016 को स्थानीय संस्था के भूतपूर्व अध्यक्षो एवं वर्तमान अध्यक्ष के समक्ष किया।

सर्वप्रथम हमने भगवान की अराधना करते हुए सुन्दरकाण्ड काआयोजन, गायत्री जी परवाल के निवास पर 19 दिसम्बर 2016 को किया गया जिसमे 50-55 महिलाये उपस्थित थीं।

निरोगी स्वस्थ जीवन कैसे जीये--इस विषय पर एक परिचर्चा रखी गई जिसमें प्रमुख वक्ता श्री पप्पू भैया(परमालाय) थे।इंदौर से पधारी गार्गी ने भी बहुत उदाहरण देकर जीवन को किस प्रकार सुन्दर एवं ऊर्जावान बनाया जा सकता है समझाया। यह कार्यक्रम 29 दिसंबर2016 को किया गया ,जिसमे 75 महिलाओं की उपस्थिति रही।

मकर सक्रांति के उपलक्ष मे 24 जनवरी 2017 को राजस्थान नेत्रहीन कल्याण संघ पर जा कर नेत्रहीन बच्चो को भोजन करवाया,चॉकलेट-मिठाई बाटी। करीब 85 बच्चो के साथ यह एक सराहनीय कार्य रहा।उन बच्चो ने गीत गाए, नेत्रहीन होते हुए भी कई वाद्य यंत्रों को बजाया एवं कई हुनर दिखाये।

श्री माहेश्वरी समाज के स्थापना दिवस सूर्य सप्तमी पर हिंदू अनाथालय मे जाकर करीब 40 बच्चो को दूध एवं नाश्ता करवाया।

21 फरवरी 2017को अंतर राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वक्ता श्री सुशील कुमार जी जालान के साथ एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें समय प्रबंधन,आत्म निरीक्षण एवं महिलाओं के स्वयँ के विकास के लिए कुछ

टिप्स बताये।इसमे करीब70 बहनों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

27 फरवरी 2017 को अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती कल्पना जी गगरानी के जयपुर पधारने पर भावभीना स्वागत किया गया।श्रीमती अर्चना जी लाहोटी जो कि राष्ट्रीय सुलेखा समिति की संयोजक है वे भी साथ थी। श्रीमती गगरानी ने श्रृंखलाबद्ध संगठन के बारे में बताया। मीटिंग मे समय की पाबंदी रहे, मीटिंग को रोचक बनाने के कई उपाय बताये जैसे छोटी छोटी प्रतियोगिताएं करवाते रहे, किसी भी विषय पर 5 से10 मिनट का समय हर महिला को बोलने का दे, जिससे संगठन के प्रति उनका लगाव बढेगा।

वरिष्ठ महिलाओं के साथ भी समय व्यतीत करे। उनके साथ मनोरंजन के कार्यक्रम लें।प्रदेश, जिला एवं स्थानीय संगठन की बहनों ने श्रीमती गगरानी के उदबोथन को सुना और सराहा।श्रीमती गगरानी ने उपस्थित महिलाओ के प्रशनो के उत्तर भी दिये एवं उनकी शंकाओं का समाधान किया।अल्प समय की सूचना पर करीब 80 महिलाओ की उपस्थिती जयपुर के महिला संगठनो की जागरूकता का परिचायक है।

4 मार्च 2017 को ज्योति नर्सिंग होम विधाधर नगर पर एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे लगभग 13 वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टरो द्वारा परामर्श दिया गया।डॉक्टर अवध बिहारी मारू के इस नर्सिंग होम पर सभी जाचे निशुल्क की गई और दवाईयो का वितरण भी निशुल्क किया गया।करीब 250 लोगो ने इस शिविर का लाभ लिया।

8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हास्य कविता, हास्य नाटक ,हंसो और हंसाओ प्रतियोगिताऐ आयोजित की गई।फागुन नृत्य की प्रस्तुति भी शानदार हुई।प्रमुख वक्ता के रूप मे श्री मति हर्षा रोहित ने personality development के कई तरीके practical कर के बताये।इसी कार्यक्रम मे 2 बहनो का विशिष्ट परिस्थितियां होने पर भी समाज को विशेष योगदान देने के लिये सम्मानित किया गया।

श्रीमती वसुंधरा राजे जी मुख्य मंत्री राजस्थान के जन्मदिन 8 मार्च को ही जयपुर के पास रेनवाल मे एक कार्यक्रम लिया ज गया, जिसे जिला की उपाध्यक्ष श्रीमती रेनू जाखोटिया ने सभी महिलाओ के साथ केक काट कर जन्म दिन के रूप मे मनाया।यह कार्यक्रम वहां के कन्या विधालय मे हुआ।

11 मार्च को होली के उपलक्ष मे प्रदेश, जिला एवं स्थानीय संगठन की सभी बहनो ने मिलकर फाग उत्सव मनाया।

13 मार्च को धुलणडी के दिन शाम को सामूहिक गोठ का आयोजन हुआ जिसमे समाज बंधुओं ने होली की हार्दिक बधाई देते हुए, स्वादिष्ट दाल,बाटी, चूरमे की रसोई का आनंद लिया ।

20 मार्च को एक रैली निकाली गई, जिसमे "बेटी बचाओ, बेटी पढाओ " एवं " जल है तो कल है "विषय लिया गया । करीब 150 बहनो ने हरे रंग की साड़ी मे इस रैली मे भाग लिया और जागरूकता का संदेश दिया ।

पूर्वोत्तर राजस्थान माहेश्वरी महिला संगठन

अध्यक्ष --श्रीमती सविता पटवारी

मंत्री --श्रीमती सुमन राठी

होली स्नेह मिलन एवं गोठ